# भारतीय टेस्ट कप्तान गिल ने तोड़े कई रिकॉर्ड

## शुभमन गिल का अंग्रेजों की सरजमीं पर ऐतिहासिक दोहरा शतक



**बर्मिंघम 3 जुलाई. भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में दोहरा शतक लगाकर इतिहास रच दिया है.भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन के दूसरे सेशन में कप्तान शुभमन गिल ने जोश टंग के 122 वें ओवर की पांचवी पर सिंगल लेकर अपना दोहरा शतक पूरा किया.**

- गिल ने 311 गेंदों में पूरा किया दोहरा शतक
- इंग्लैंड में दोहरा शतक लगाने वाले तीसरे भारतीय
- कप्तान के रूप में सबसे तेज डबल सेंचुरी

ये गिल का टेस्ट क्रिकेट में पहला दोहरा शतक है. इसके साथ ही गिल ने कई रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं और कई दिग्गजों को पीछे छोड़ते हुए नया कीर्तिमान रच दिया है.

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने 199 बॉल में 11 चौकों की मदद से मैच के पहले दिन अपना शतक लगाया था. उन्होंने पहले दिन के खेल के अंत तक 226 बॉल में 12 चौकों की सहायता से 114 रन बना लिए थे. आज मैच के दूसरे दिन गिल ने अपनी पारी को आगे बढ़ाया और दूसरे सेशन में 311 बॉल का सामना करते हुए 21 चौके और 2 छक्कों की मदद से अपने 200 रन पूरे कर दोहरा शतक ठोक दिया. गिल ने दूसरे दिन 269 रन बना कर आउट हुए. उन्हें टंग ने पोप के हाथों कैच कराया. एक समय ऐसा लग रहा था कि भारतीय टीम 600 के आंकड़े को छू लेगी, लेकिन पूरी टीम 587 रन पर पैवेलियन लौट गई. रवीन्द्र जडेजा ने भी ऐतिहासिक 89 रन की पारी खेली और मात्र 11 रन से शतक से चूक गए. वाशिंगटन सुन्दर ने भी 42 रन बनाए. इसके बाद आकाश दीप 6, मोहम्मद सिराज 8 रन बना कर पैवेलियन लौटे और प्रसिद्ध कृष्णा 5 रन बनाकर नाबाद रहे. इंग्लैंड की ओर वोक्स ने 2, ब्रायडन कार्स ने 1, जोश टंग ने 2 बेन स्टोक्स ने 1, शोएब वशीर ने 3 और रूट ने 1 विकेट लिया. भारतीय टीम ने साल 2007 में ओवल के मैदान पर इंग्लैंड में अपना सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया था. भारतीय टीम ने इस मैदान पर 664 रन ठोक दिए थे. भारत का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर इंग्लैंड में लीड्स के मैदान पर 628 रन है.

**टेस्ट में इंग्लैंड में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय**

| | |
|---|---|
| शुभमन गिल | बर्मिंघम में 200* (2025) |
| मोहम्मद अजहरुद्दीन | मैनचेस्टर में 179 (1990) |
| विराट कोहली | बर्मिंघम में 149 (2018) |
| एमएके पटौदी | लीड्स में 148 (1967) |
| शुभमन गिल | लीड्स में 147 (2025) |

**भारतीय कप्तान के रूप में दोहरा शतक लगाने वाले युवा**

| | |
|---|---|
| 23 वर्ष 39 दिन | एमएके पटौदी वि. इंग्लैंड, दिल्ली, 1964 |
| 25 वर्ष 298 दिन | गिल वि. इंग्लैंड, एजबेस्टन, 2025 |
| 26 वर्ष 189 दिन | सचिन वि. न्यूजीलैंड, अहमदाबाद, 1999 |
| 27 वर्ष 260 दिन | विराट वि. वेस्टइंडीज, नॉर्थ साउंड, 2016 |

**इंग्लैंड में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज**

| | |
|---|---|
| शुभमन गिल | बर्मिंघम में 222* (2025) |
| सुनील गावस्कर | द ओवल में 221 (1997) |
| राहुल द्रविड़ | द ओवल में 217 (2002) |
| सचिन तेंदुलकर | लीड्स में 193 (2002) |
| रवि शास्त्री | द ओवल में 187 (1990) |

# विम्बलडन के तीसरे दौर में एम्मा राडुकानू



**लंदन, 3 जुलाई (वार्ता) ब्रिटेन की महिला टेनिस खिलाड़ी एम्मा राडुकानू और अमेरिका के दिग्गज टेलर फ्रिट्ज ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर विंबलडन टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बना ली है. एम्मा राडुकानू ने चेक गणराज्य की पूर्व चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को हराकर विंबलडन चैंपियनशिप के महिला एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया.**

82 मिनट तक चले मुकाबले में राडुकानू ने वोंद्रोसोवा को 6-3, 6-3 से हराया. राडुकानू का अगले दौर में मुकाबला दुनिया की नंबर वन आर्यना सबालेंका से होगा.

### फ्रिट्ज ने डायलो को हराया

पांचवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने पांच सेटों तक चले रोमांचक मुकाबले में कनाडा के गैब्रियल डायलो को हराकर विंबलडन 2025 के अगले दौर में जगह बनाई. तीन घंटे और छह मिनट तक चले मुकाबले में अमेरिका के फ्रिट्ज ने 3-6, 6-3, 7-6(0), 4-6, 6-3 से जीत दर्ज की. यह पिछले कुछ दिनों में उनकी लगातार दूसरी पांच सेट की जीत है।

## मुंबई की अंडर-14 टीम के हेड कोच बने अंकित

**नई दिल्ली 3 जुलाई.** आईपीएल 2013 का स्पॉट फिक्सिंग कांड आज भी भारतीय क्रिकेट के काले अध्यायों में गिना जाता है. इस स्पॉट फिक्सिंग ने ही श्रीसंत और राजस्थान रॉयलस के 2 और खिलाड़ियों का क्रिकेटिंग करियर खत्म कर दिया था. उसी मामले में दोषी ठहराए गए राजस्थान रॉयल्स के पूर्व स्पिनर अंकित चव्हाण अब एक बार फिर क्रिकेट की दुनिया में वापसी कर रहे हैं और इस बार वो कोच के रूप में लौट रहे हैं. मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने चव्हाण को अपनी अंडर-14 टीम का हेड कोच नियुक्त किया है.



# राज्यपाल गंगवार ने बिमल लाकड़ा से की मुलाकात

## सीएम सोरेन ने बेहतर इलाज का दिया निर्देश

**रांची, 3 जुलाई. झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी बिमल लाकड़ा से मुलाकात की, जिनका रांची के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है.**

राजभवन के आधिकारिक बयान के अनुसार, राज्यपाल ने अस्पताल का दौरा किया और लाकड़ा की प्रगति के बारे में डॉक्टरों से बात की तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की. गंगवार ने कहा, लाकड़ा ने हॉकी के क्षेत्र में देश के साथ-साथ राज्य का भी नाम रोशन किया है. पूरा राज्य उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहा है।

- लाकड़ा ने हॉकी में देश का नाम रोशन किया
- पूरा राज्य शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहा

सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, 45 वर्षीय लकड़ा 30 जून को सिमडेगा जिले में अपने पैतृक घर के पास खेत में बेहोशी की हालत में पाए गए थे. उन्हें सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया जहां सीटी स्कैन से पता चला कि उनके सिर में खून का थक्का जमा है. इसके बाद उन्हें रांची के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया. झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को लाकड़ा को सभी चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था.

# फ्रांस को हरा क्वार्टर फाइनल में स्विट्जरलैंड

## फीबा अंडर-19 में ऐतिहासिक जीत

**लुसाने (स्विट्जरलैंड), 3 जुलाई (वार्ता) मेजबान देश स्विट्जरलैंड ने बास्केटबॉल की दिग्गज टीम फ्रांस को राउंड ऑफ 16 में ओवरटाइम में 86-79 से हराकर 2025 फीबा अंडर19 विश्व कप में पहली बार क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया.**

विश्व में तीसरे स्थान पर रहने वाली फ्रांस पिछले तीन संस्करणों में तीसरे, दूसरे और तीसरे स्थान पर रही थी और इस साल उसे शीर्ष पसंदीदा टीमों में से एक माना जा रहा था. फीबा विश्व रैंकिंग में लड़कों के लिए 60वें स्थान पर काबिज स्विट्जरलैंड ने 2025 से पहले कभी भी फीबा अंडर19 विश्व कप में भाग नहीं लिया था।

- अगले मुकाबले में न्यूजीलैंड से होगी भिड़ंत

बुधवार को खेले गए मैच में, फ्रांस ने पहला क्वार्टर 24-13 से जीता, और दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने आक्रामक रूप से संघर्ष किया, जिसमें फ्रांस ने हाफटाइम में 12 अंकों की बढ़त के साथ प्रवेश किया.



# एशिया कप हॉकी में खेलेगा पाक

## 29 अगस्त से 7 सितम्बर तक होगा आयोजन

**नयी दिल्ली, 3 जुलाई . खेल मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान की टीम को अगले महीने भारत में एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति दी जाएगी.**

खेल मंत्रालय के सूत्र ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत कई देशों की भागीदारी वाले टूर्नामेंट में पाकिस्तान से खेलेगा. सूत्र ने कहा, हम किसी भी टीम के भारत में बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने के खिलाफ नहीं हैं. लेकिन द्विपक्षीय प्रतियोगिता अलग होती है. हॉकी एशिया कप 29 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में आयोजित किया जाएगा जिसमें भारत सहित आठ टीमें भाग लेंगी. 'ऑपरेशन सिंदूर' के कारण अगले महीने एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर संदेह था. एशिया कप के अलावा नवंबर-दिसंबर में होने वाले जूनियर विश्व कप में भी पाकिस्तान की टीम को खेलने की अनुमति दी जाएगी।

- बिहार के राजगीर में होने वाले आयोजन में 8 टीमें उतरेंगी
- जूनियर विश्व कप में भी खेलेगा पाकिस्तान

### एक नजर में



## भारतीय फुटबॉल कोच के पद से मार्केवज हटेंगे

**नयी दिल्ली.** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ और स्पेन के मनोलो मार्क्वेज के अलग होने पर सहमति जताने के बाद मार्क्वेज भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच के पद से हटेंगे. बुधवार को एआईएफएफ की कार्यकारी समिति की बैठक में इस पर औपचारिक मुहर लगाई गई. मार्क्वेज के कार्यकाल के दौरान भारत ने आठ मैचों में से सिर्फ एक में जीत दर्ज की है. मार्क्वेज के अलग होने का फैसला 10 जून को एएफसी एशिया कप क्वालीफायर 2027 में निचली रैंकिंग वाली हांगकांग से 1-0 की हार के बाद आया है. इससे पहले भारत ने क्वालीफायर अभियान के शुरुआती मैच में बांग्लादेश के खिलाफ़ 0-0 से ड्रॉ खेला था. मार्क्वेज को जून, 2024 में भारतीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था. उनके नेतृत्व में, भारत ने आठ मैचों में से सिर्फ एक जीत दर्ज की, एक दोस्ताना मैच में मालदीव पर 3-0 की जीत. भारत की अंतरराष्ट्रीय फ़ुटबॉल में आखिरी प्रतिस्पर्धी जीत कुवैत के खिलाफ हुई थी, जिसके पूर्व मुख्य कोच इगोर स्टिमैक थे, जिनकी जगह मार्क्वेज ने ली थी. भारतीय टीम मनोलो मार्क्वेज के नेतृत्व में अपने पिछले तीन मैचों में एक भी गोल करने में विफल रही है।

## 22 वर्षीय कबड्डी खिलाड़ी का निधन

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के फराना गांव के 22 वर्षीय स्वर्ण पदक विजेता बृजेश सोलंकी का सपना प्रो कबड्डी लीग में प्रवेश करना था. मई की शुरुआत में, उन्होंने एक आवारा पिल्ले को नाले से बचाया और उनके अग्रभाग पर एक हानिरहित काटने का निशान लगा. दर्द को सामान्य खेल तनाव समझकर, उन्होंने पोस्ट-एक्सपोज़र टीकाकरण को छोड़ दिया. असमय प्रस्थान से कुछ समय पहले, उनके अंगों में सुन्नता आ गई और पानी से डर लगने लगा. जिला और निजी अस्पतालों के बीच स्थानांतरण के बाद, उनकी हालत बिगड़ती चली गई, और अंततः एक आस्था चिकित्सक के पास जाने पर उनकी मृत्यु हो गई. उनके कोच, प्रवीण कुमार, इस घटना को याद करते हैं जो करुणा के कार्य के रूप में शुरू हुआ, वह घातक हो गया जब बृजेश ने काटने के संभावित खतरे को अनदेखा कर दिया. उनके कोच प्रवीण कुमार ने इस घटना को स्पष्ट रूप से याद किया-बृजेश ने अपने हाथ में दर्द को सामान्य कबड्डी की चोट समझ लिया. काटने की चोट मामूली लग रही थी और उसे नहीं लगा कि यह गंभीर है, इसलिए उसने टीका नहीं लगवाया,

# स्टीव स्मिथ की ग्रेनाडा टेस्ट में वापसी

**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा), 3 जुलाई (वार्ता) ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ अपनी उंगली की चोट से उबर चुके हैं और ग्रेनाडा में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए टीम की प्लेइंग इलेवन में वापसी करेंगे.**

- चोट से फिट हुए स्मिथ
- इंगलिस बाहर
- ब्रैथवेट खेलेंगे अपना 100वां टेस्ट

कप्तान पैट कमिंस ने खुलासा किया कि नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैच से 24 घंटे से भी कम समय पहले स्मिथ की वापसी हुई है, जोश इंगलिस को ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज की जगह टीम से बाहर किया गया है. स्मिथ ने मंगलवार को स्प्लिंट पहनकर बिना दर्द के बल्लेबाजी की और कमिंस ने कहा कि 36 वर्षीय स्मिथ को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखने का कोई कारण नहीं था



कमिंस ने स्मिथ के बारे में कहा, वह खेलने के लिए तैयार हैं, उंगली अच्छी तरह से ठीक है. वह वास्तव में खुश था, खासकर बल्लेबाजी करते हुए. फील्डिंग में हमें अभी भी थोड़ा बहुत प्रबंधन करने की आवश्यकता है, इसलिए वह बहुत बार स्लिप में नहीं होगा - शायद स्पिन के लिए वह ठीक रहेगा, लेकिन तेज गेंदबाजों के लिए उसे एक और सप्ताह इंतजार करना पड़ सकता है. स्मिथ की वापसी ऑस्ट्रेलियाई टीम में एकमात्र बदलाव है जिसने श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में वेस्टइंडीज को 159 रनों से हराया, जबकि कैरेबियाई टीम ने पुष्टि की कि वे अपनी अंतिम एकादश को तय करने से पहले टॉस तक इंतजार करेंगे।

# ज्योति याराजी विश्व एथलेटिक्स स्पर्धा में नहीं उतरेंगी

## ट्रेनिंग के दौरान घुटने में गंभीर चोट लगी, सर्जरी जरूरी



**नयी दिल्ली, 3 जुलाई (वार्ता)** स्टार हर्डलर ज्योति याराजी का 2025 का एथलेटिक्स सत्र प्रशिक्षण के दौरान घुटने में चोट लगने के बाद अचानक समाप्त हो गया. याराजी ने इंस्टाग्राम पोस्ट में यह दुर्भाग्यपूर्ण खबर साझा की, %%कुछ दिन पहले प्रशिक्षण के दौरान मेरे घुटने में दुर्भाग्यपूर्ण चोट लगने के कारण, मुझे अपने सत्र को रोकना पड़ा है. मैं अपने विकल्पों का आकलन करने और आगे के रास्ते पर निर्णय लेने के लिए अपनी मेडिकल टीम के साथ काम कर रही हूं।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. आदिल जे सुमारिवाला ने पुष्टि की है कि चोट के लिए सर्जरी की आवश्यकता होगी, जिसके कारण ज्योति पूरे सत्र से बाहर रहेंगी।

उसने वादा किया कि वह और मजबूत होकर वापसी करेंगी. उन्होंने कहा, चोटें एक एथलीट की यात्रा का हिस्सा हैं और मैं इसे एक और बाधा के रूप में देख रही हूं जिसे मैं जल्द ही आपके समर्थन और आशीर्वाद से दूर करने जा रही हूं. मैं और मजबूत होकर वापसी करूंगी.

**खुशखबरी** ▶ पुरानी दिल्ली 6 मेरा घर, इस साल जीतने का संकल्प

# दिल्ली प्रीमियर लीग-2 में ऋषभ पंत को रिटेन किया

**नयी दिल्ली, 3 जुलाई (वार्ता) दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के 2024 संस्करण के सेमीफाइनलिस्ट पुरानी दिल्ली 6 ने आधिकारिक तौर पर स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को आगामी सीजन के लिए रिटेन करने की घोषणा की है.**

- लीग में छह से आठ टीमें भाग ले सकती हैं

पंत को मार्की खिलाड़ी के रूप में रिटेन किया गया है। पुरानी दिल्ली 6 ने डीपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन किया, पूरे लीग चरण में ठोस प्रदर्शन किया. हालांकि, दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियों में उनका सफर छोटा हो गया क्योंकि सेमीफाइनल मुकाबला बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। पंत के टीम में बने रहने से उम्मीद है कि टीम 2025 सीजन में और अधिक प्रतिस्पर्धी इकाई बनाएगी।



पंत के बारे में बात करते हुए पुरानी दिल्ली 6 के मालिक आकाश नांगिया ने कहा, ऋषभ पंत न केवल विश्व स्तरीय क्रिकेटर हैं, बल्कि पुरानी दिल्ली 6 की धड़कन भी हैं. उनका नेतृत्व, अनुभव और प्रतिभा हमें बढ़त दिलाती है. हम उनके इर्द-गिर्द एक मजबूत टीम बना रहे हैं और हमें इस साल जीत का पूरा भरोसा है. अपनी खुशी जाहिर करते हुए पंत ने कहा, डीपीएल युवा प्रतिभाओं को अपना हुनर दिखाने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करता है और इस लीग को सफलतापूर्वक आयोजित करने का श्रेय रोहन जेटली और डीडीसीए को जाता है. डीपीएल द्वारा प्रदान किए गए अवसरों के माध्यम से देश भर के कई खिलाड़ी उभरे और विकसित हुए हैं, जैसे कि दिग्वेश राठी, प्रियांश आर्य और अन्य।

उन्होंने कहा, पुरानी दिल्ली 6 वास्तव में घर जैसा लगता है, दिल्ली के प्रशंसकों की जीवंत ऊर्जा और जीतने की बेजोड़ भूख से भरपूर. पिछले साल एक आशाजनक सीजन के बाद, सफल होने का हमारा दृढ़ संकल्प और भी बढ़ गया है और हम इस साल और भी मजबूती से वापसी करने के लिए आशावादी हैं.

इस बीच, दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने आधिकारिक तौर पर दिल्ली प्रीमियर लीग में दो नई पुरुष फ्रेंचाइज को शामिल करने की घोषणा की है. बाहरी दिल्ली और नई दिल्ली फ्रेंचाइज 2025 सीज़न में पदार्पण करेंगी, जिससे लीग में छह से आठ टीमें शामिल होंगी. आगामी सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 6 जुलाई (पुरुष) और 7 जुलाई (महिला) को राष्ट्रीय राजधानी में होने वाली है, क्योंकि डीपीएल लैंगिक-समावेशी क्रिकेट के लिए अपनी मजबूत प्रतिबद्धता जारी रखे हुए है।

## डिओगो जोटा की सड़क दुर्घटना में मौत

**नई दिल्ली 3 जुलाई.** लिवरपूल के फुटबॉल प्लेयर डिओगो जोटा की कार दुर्घटना में मृत्यु हो गई. ये फॉरवर्ड प्लेयर पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम में क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथी भी थे. उन्होंने हाल ही में देश की जर्सी में यूईएफए नेशंस लीग जीती थी. जोटा और उनके भाई गुरुवार की सुबह स्पेन के जमोरा प्रांत में हुई कार दुर्घटना में शामिल थे. मार्का की रिपोर्ट से पता चला कि दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई. लिवरपूल के इस फुटबॉलर की पिछले महीने 22 जून को शादी हुई थी. स्वाभाविक रूप से पुर्तगाली फुटबॉलर की मौत से विश्व फुटबॉल में शोक की लहर पैदा कर दी है. जोटा के भाई 26 वर्षीय आंद्रे सिल्वा, जिनकी दुर्घटना में मृत्यु हो गई. वो भी एक पेशेवर फुटबॉलर थे.